मेनलैंड सीरो

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में असम वन विभाग एवं संरक्षणवादियों द्वारा पश्चिमी **असम के रायमोना राष्ट्रीय उद्यान** में **मेनलैंड सीरो (कैपरीकोर्निस सुमात्रेंसिस थार)** के **पहले फोटोग्राफिक साक्ष्य का दस्तावेज़ीकरण** किया है।

मेनलैंड सीरो:

- यह **एक स्तनपायी जीव** है जो **बकरी और मृग के बीच** की संकर प्रजाति जैसा दिखाई देता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN)** के अनुसार, **मेनलैंड सीरो 200-3000 मीटर की ऊँचाई वाले क्षेत्रों** में पाए जाते हैं।
- यह पशु भारत-भूटान सीमा के पार **फिबसू वन्यजीव अभयारण्य** और भूटान के **रॉयल मानस राष्ट्रीय उद्यान** में भी पाए जाते हैं।
- इस पशु की **तीन अन्य प्रजातियाँ जापानी सीरो, रेड सीरो** (पूर्वी भारत, बांग्लादेश और म्याँमार में पाई जाती हैं) तथा **ताइवानी या फॉर्मोसन सीरो** हैं।
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य
    - CITES: परिशिष्ट I
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची I

और पढ़ें: हिमालयन सीरो

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mainland-serow